हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, गुरुवार 8 मई 2025
नागदा | महिदपुर | तराना | बड़नगर | उन्हेल | घट्टिया | इंगोरिया | खाचरौद | माकड़ोन | कायथा

04 होटल, लॉज में रुकने वाले लोगों की पुलिस ने ...



07 कहीं झूल रहे बिजली के तार तो कहीं आड़े हो गए खंभे...



## खबर संक्षेप में

### पीएम किसान सम्मान निधि का लाभ प्राप्त करने फार्मर आईडी अनिवार्य

**नलखेड़ा।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए हितग्राहियों को फार्मर आईडी अनिवार्य है। योजना में 20वीं किश्त का लाभ प्राप्त करने हितग्राहियों को अपनी फार्मर आईडी 31 मई 2025 के पूर्व बनवाना होगी। कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह ने पीएम किसान सम्मान निधि योजना का लाभ प्राप्त कर रहे जिले के कृषकों से अपील की है, अपनी फार्मर आईडी शीघ्र बनवाएं, ताकि योजनाओं का लाभ निरन्तर मिलता रहा है। कलेक्टर ने सभी राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए कि पीएम किसान सैचूरेशन अभियान में 31 मई तक सभी पात्र हितग्राहियों की फार्मर रजिस्ट्री की जाए।

### सामूहिक विवाह सम्मेलन का स्थान परिवर्तन हुआ

**नलखेड़ा।** प्रजापति कुम्भकार समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन 9 मई को आगर बैजनाथ प्रांगण में होने वाला था। मौसम के खराब होने के कारण सम्मेलन का स्थान परिवर्तन किया गया है नवीन स्थान अग्रसेन वाटिका रानी सती रोड आगर पर रखा गया है। समाज के सदस्यों को अगर समारोह स्थल का स्थान न मिले तो गूगल मैप पर सर्च भी कर सकते हैं। अगर गूगल मैप पर भी उचित स्थान पता नहीं चलता है तो वह फिर समिति के सदस्यों को कॉल करके स्थान का पता कर सकते हैं। आयोजन समिति द्वारा समाजजनों से आग्रह किया गया है कि वहां नवीन स्थल पर आने की कृपा करें।

## हायर सेकंडरी स्कूल परीक्षा परिणाम में सीहोर जिला 82.92 प्रतिशत के साथ प्रदेश में बारहवें स्थान पर

# हाईस्कूल परीक्षा परिणाम में सीहोर जिला प्रदेश में सातवें स्थान व हासे में 12वें पायदान पर रहा

### हाई स्कूल तथा हायर सेकंडरी परीक्षा में प्रदेश की टॉप टेन सूची में सीहोर जिले के तीन-तीन छात्रों ने बनाई जगह

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित हाईस्कूल, हायर सेकेण्डरी स्कूल मुख्य परीक्षा 2025 के परीक्षा परिणाम मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने घोषित किए। हाई स्कूल परीक्षा में जिले के 22,306 परीक्षार्थी शामिल हुए और हायर सेकेण्डरी परीक्षा में जिले के 18,285 परीक्षार्थी शामिल हुये। हाई स्कूल परीक्षा में सीहोर जिला 85.54 प्रतिशत के साथ प्रदेश में सातवें स्थान पर रहा। इसी प्रकार हायर सेकेंडरी में 82.92 प्रतिशत के साथ सीहोर जिले ने बारहवां स्थान प्राप्त किया है।

बोर्ड परीक्षा के परीक्षा परिणाम को लेकर विद्यार्थियों के अलावा पालकों को काफी बेसब्री से इंतजार था। बोर्ड परीक्षा के परिणाम घोषित होने के बाद विद्यार्थियों के चेहरे खुशी से खिले हुए थे। पास होने वाले छात्र अपने दोस्तों के साथ खुशी मनाते और सेल्फी लेते दिखाई दिए। अच्छे प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले छात्रों ने अपने शिक्षकों का आभार प्रकट किया। रिजल्ट आने की जानकारी पर छात्र सुबह से ही उत्सुक दिखाई दिए। छात्र लगातार मोबाइल, लैपटॉप पर रिजल्ट चेक करने का प्रयास करते रहे।

#### हाईस्कूल का 17 प्रतिशत, हायर सेकंडरी का दस प्रतिशत बढ़ा रिजल्ट

इस साल हाईस्कूल और हायर सेकंडरी परीक्षा के परिणाम गत वर्ष की अपेक्षा काफी अच्छा रहा। हाईस्कूल परीक्षा का परीक्षा परिणाम इस साल 17 प्रतिशत बढक़र 85.54 प्रतिशत हो गया। जबकि पिछले साल परीक्षा परिणाम 68.32 प्रतिशत था। हालांकि परीक्षा परिणामों में प्रदेश की सूची में सीहोर जिला पिछले साल और इस साल सातवें स्थान पर रहा। इसी प्रकार हायर सेकंडरी परीक्षा का परिणाम इस साल करीब दस प्रतिशत बढ़ गया। रिजल्ट पिछले साल 72.70 प्रतिशत के मुकाबले बढक़र इस साल 82.92 पर पहुंच गया। जिले में हाई स्कूल परीक्षा में जिले के 22,306 परीक्षार्थी शामिल हुए और हायर सेकेण्डरी परीक्षा में जिले के 18,285 परीक्षार्थी शामिल हुए थे।

**बोर्ड परीक्षा के परिणाम घोषित होने के बाद विद्यार्थियों के चेहरे खुशी से खिले**





पार्थ राठौर

#### अनुतीर्ण विद्यार्थी निराश न हों और पूरी मेहनत से करें

**पुनः तैयारी :** कलेक्टर बालागुरू के. ने हाई स्कूल तथा हायर सेकेंडरी परीक्षा में उत्तीर्ण हुए जिले के सभी छात्र-छात्राओं को बधाई दी है। उन्होंने परीक्षा में अनुतीर्ण रहे छात्रों से कहा है कि वे निराश न हों और पूरी मेहनत के साथ परीक्षा की पुनः तैयारी करें। सफलता निश्चित ही प्राप्त होगी।

**रिजल्ट देखने परेशान हुए विद्यार्थी :** एक्जाम का रिजल्ट देखने को लेकर छात्र छात्राओं को परेशानी का सामना भी करना पड़ा। माध्यमिक शिक्षा मंडल बोर्ड की वेब साइट पूरी तरह से बंद रही, जिससे विद्यार्थी अपना परिणाम पाने के लिए एमपी ऑनलाइन सहित शिक्षा विभाग कार्यालय में दिखाई दिए। इसके चलते कई विद्यार्थियों को काफी देर बाद खुशियां मनाने का मौका मिला।

#### हायर सेकंडरी परीक्षा में प्रदेश की टॉप टेन में जिले के तीन छात्र

हायर सेकंडरी परीक्षा जीव विज्ञान समूह में जिले के तीन छात्रों ने प्रदेश की प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त किया है। न्यू मोनालिसा स्कूल सीहोर के छात्र पार्थ राठौर ने प्रदेश में दूसरा स्थान प्राप्त किया।

पार्थ के पिता रीतेश राठौर शिक्षक हैं तथा माता कल्पना राठौर ग्रहणी हैं। सीएम राईज स्कूल आष्टा के छात्र गोविंद ने प्रदेश की मेरिट लिस्ट में आठवां स्थान तथा सीएम राईज स्कूल आष्टा के ही छात्र नकुल प्रजापति ने भी जीव विज्ञान समूह में दसवां स्थान प्राप्त किया है।

#### हाई स्कूल परीक्षा में प्रदेश की टॉप टेन में जिले के तीन छात्र

हाई स्कूल परीक्षा में प्रदेश की मेरिट लिस्ट में जिले के तीन छात्र-छात्राओं ने स्थान प्राप्त किया है। दीनदयाल कॉन्वेंट हाई स्कूल सीहोर के छात्र ऋषभ पंवार तथा होली एंजल्स हाई स्कूल आष्टा के छात्रा भूमिका मेवाड़ा ने प्रदेश में सातवॉ स्थान प्राप्त किया है। वहीं होली एंजल्स हाई स्कूल आष्टा के ही छात्र अरहम जैन ने प्रदेश में नौवा स्थान प्राप्त किया है।

### नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर ने पार्थ राठौर का किया सम्मान



सीहोर। मंगलवार को मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल की कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा में सीहोर निवासी बेटे पार्थ राठौर ने 97 अंक तथा प्रदेश में 2 टॉप नंबर पर आने नगर पालिका में स्वागत व अभिनंदन किया। इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर सहित बड़ी संख्या में पार्षद और क्षेत्रवासियों ने पार्थ राठौर का सम्मान किया। इस मौके पर उन्होंने कहाकि प्रदेश सरकार के द्वारा विद्यार्थियों के लिए अनेक योजनाएं चलाई जा रही है। आपकी मेहनत, समर्पण और संघर्ष का परिणाम आज सामने आया है। बेटे को उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने छात्रों को लगन और अनुशासन से पढ़ाई करने की सलाह दी। साथ ही आगामी परीक्षाओं के लिए प्रेरित किया।

### जनसुनवाई में आए 73 आवेदन



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में कलेक्टर बालागुरू के. तथा जिला पंचायत सीईओ डॉ नेहा जैन ने नागरिकों से चर्चा कर उनकी समस्याएं जानी और संबंधित अधिकारियों को समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में जिले के दूरदराज अंचलों से आए लगभग 73 आवेदकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। जिला मुख्यालय के साथ ही जनपद कार्यालयों एवं ग्राम पंचायतों में भी जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में अधिकांश आवेदन भूमि विवाद, नामांतरण, बंटवारा, आपसी विवाद, मेढ.-रास्ता विवाद, बीपीएल कार्ड, प्रधानमंत्री आवास, गन लाइसेंस, वृद्धावस्था पेंशन, आर्थिक सहायता, मुआवजा से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। जनसुनवाई में संयुक्त कलेक्टर आनंद सिंह राजावत, एसडीएम तन्मय वर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### दि आक्सफोर्ड ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स का हाई स्कूल व हायर सेकंडरी का परीक्षा परिणाम अव्वल रहा



**सीहोर।** दि आक्सफोर्ड ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स द्वारा संचालित विद्यालयों के कक्षा 10 एवं 12वीं के विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम अव्वल रहा। कक्षा 12वीं गणित, जीव विज्ञान, वाणिज्य व कला संकाय में 92 प्रतिशत अंक सृष्टि पालीवाल प्रथम, 90 प्रतिशत अंक सलोनी परमार, अंजली भाटी व श्वेता पाटीदार द्वितीय, 88 प्रतिशत अंक तनिष मेवाडा व अलिफा नाज तृतीय स्थान प्राप्त किया। दि आक्सफोर्ड हाईस्कूल इछावर, सीहोर व रोजमेरी हाईस्कूल कोठरी में कक्षा 10वीं में 96 प्रतिशत अंक भविष्य माहेश्वरी प्रथम, 95 प्रतिशत अंक जिया वर्मा द्वितीय, 94 प्रतिशत अंक प्रिया पटेल व अदिति मुकाती ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्राचार्या ने बताया कि अनेक चुनौतियों का सामना करते हुए आक्सफोर्ड स्कूल ने इस वर्ष भी बोर्ड परीक्षा में सर्वोच्च सफलता प्राप्त की, इसके पीछे ईश्वरीय कृपा के साथ ही मजबूत इरादे और दृढ़ संकल्प रहा। विद्यार्थियों की उक्त उपलब्धि पर जिला शिक्षा अधिकारी सीहोर संजय सिंह तोमर, डीपीसी आर.आर. उईके, बीईओ दीपा कीर, बी.आर.सी. अशोक वर्मा, संकुल प्राचार्य, संस्था अध्यक्ष एड. जॉली कुरियन व डॉ. बीना जे कुरियन तथा समस्त स्टाफ ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

## मंदिर के गर्भगृह में ऑपरेशन सिंदूर के सफल होने पर फहराए ध्वज

# भारत-पाक तनाव के बीच मां बगलामुखी धाम में शत्रुओं के विनाश और विश्व शांति के लिए हुआ विशेष हवन





हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

भारत-पाकिस्तान के मध्य तनाव के बीच नगर में स्थित सिद्धपीठ मां बगलामुखी मंदिर पर ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद मंदिर के गर्भ गृह में पुजारी परिवार ने मंत्रोच्चार कर राष्ट्रीय ध्वज लहराए। पंडितों द्वारा शत्रुओं के विनाश एवं विश्व शांति के लिए विशेष हवन अनुष्ठान भी किया गया। शत्रुओं पर विजयी दिलवाने वाली माता बगलामुखी मंदिर के गर्भ गृह में बुधवार को ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर पुजारी परिवार ने मंत्रोच्चार कर राष्ट्रीय ध्वज लहराए। मां को धन्यवाद देते हुए मंदिर परिसर में ही विश्व शांति एवं शत्रु विनाश के लिए विशेष हवन अनुष्ठान भी पंडितों द्वारा किया गया। इस दौरान भारत माता की जय के जयकारों से मंदिर गूंज उठा।

**युद्ध विराम के लिए शांति की कामना:** मंदिर के पंडितों ने मीडिया से चर्चा में कहा कि हमने बेगुनाह 26 भारतीयों की मौत के दौरान मां से प्रार्थना की थी कि भारत की तीनों सेनाओं को देश के प्रधानमंत्री, रक्षा मंत्री एवं गृह मंत्री को नई ऊर्जा प्रदान कर पाकिस्तानी आतंकियों को नस्तेनाबूद करने की शक्ति प्रदान करें और बेगुनाहों के परिवार को न्याय दिलवाएं। माता रानी द्वारा हमारी मनोकामना पूर्ण की और बुधवार को भारत की सेना का ऑपरेशन सिंदूर सफल हुआ। सेना की इस कार्यवाही से मन प्रसन्न हो गया। पंडितों ने बताया कि हमने मां से कामना की है कि युद्ध विराम हो और देश के साथ ही विश्व मे सुख शांति बनी रहे।

गौरतलब है कि सिद्धपीठ मां बगलामुखी महाभारत काल से ही शत्रुओ पर विजयीश्री का वरदान देती आ रही हैं। महाभारत काल मे भगवान कृष्ण के आदेश पर पांडवों द्वारा कौरवों पर विजयी होने के लिए यहां आराधना भी की थी।



**खबर संक्षेप**

### एकादशी पर खाटू श्याम भजन संध्या आज

**देवास।** अमृत नगर स्थित खाटू श्याम मंदिर मे आज एकादशी पर 8 मई को खाटू श्याम भजन संध्या का आयोजन होने जा रहा है। गायक करून कुमार सोनी व साथी कलाकार बाबा श्याम का गुणगान करेंगे। 56, भोग खाटू बाबा को लगाया जायेगा। पवित्र ज्योत दर्शन शाम 7 बजे से होंगे। अलौकिक श्रृंगार बाबा श्याम का होगा। रात 8 से 12 बजे तक भजन संध्या का आयोजन होगा।

### माता मंदिर के ओटले का किया जीर्णोद्धार

**देवास।** वार्ड क्रं. 43 बालगढ में गांव गैर माता पूजन का आयोजन 12 वर्ष बाद होने जा रहा है। इसके पूर्व वार्डवासियों की मांग अनुसार शीतला माता मंदिर के ओटले का जीर्णोद्धार किया गया। पार्षद राजा अकोदिया (दीपक) ने बताया कि 8 व 9 मई को होने वाले गांव गैर माता पूजन के पूर्व शीतला माता मंदिर के ओटले का जीर्णोद्धार कार्य पूर्ण किया गया। वार्ड 43 बालगढ के समस्त रहवासियों ने गांव गैर माता पूजन के आयोजन के पूर्व निर्माण कार्य पूर्ण करने पर विधायक गायत्रीराजे पवार, महापौर गीता दुर्गेश अग्रवाल, सभापति रवि जैन का आभार माना।

## जिले के संपूर्ण क्षेत्र के लिए कलेक्टर ने प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए

# अनुमति के बिना कही पर सभा, धरना जुलूस, कार्यक्रम का आयोजन नहीं होगा

**कोई भी किसी दल, धर्म, जाति, सम्प्रदाय, संस्था, व्यक्ति विरोधी आपत्तिजनक मैसेज/चित्र/कमेंट/ बैनर/पोस्टर आदि अपलोड नहीं करेगा।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी ऋतुराज सिंह ने जन सामान्य के हित/जानमाल की सुरक्षा तथा लोकशांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए जिले में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163(1)(2) के तहत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए देवास जिले के संपूर्ण क्षेत्र के लिए प्रतिबंधात्मक आदेश लागू किए है।जारी आदेश अनुसार कोई भी व्यक्ति, समूह, संस्था या अन्य पक्ष सार्वजनिक स्थानों पर किसी भी प्रकार के धारदार या अन्य हथियार, आग्नेय शस्त्र, हॉकी, डण्डा, रॉड इत्यादि लेकर नहीं चलेगा अथवा दुरूपयोग नहीं करेगा और न ही प्रदर्शन करेगा। कोई भी व्यक्ति, समूह, संस्था या अन्य पक्ष सक्षम अधिकारी की अनुमति के बिना किसी भी स्थान पर सभा, धरना प्रदर्शन, जुलूस, रैली, सार्वजनिक कार्यक्रम आदि का आयोजन नहीं करेगा। कोई भी व्यक्ति संस्था, समूह या अन्य पक्ष सक्षम अधिकारी की अनुमति के बिना डी.जे./ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग नहीं करेगा। प्रत्येक को म.प्र. कोलाहल नियंत्रण अधिनियम 1985 तथा ध्वनि प्रदूषण (विनियमन और नियंत्रण) (संशोधन) नियम, 2010 के प्रावधानों का पूर्ण पालन करना आवश्यक होगा। कोई व्यक्ति संस्था, समूह या अन्य कोई भी धरना, जुलूस, प्रदर्शन, सभा या रैली आदि में एसिड, पेट्रोल, केरोसिन आदि ज्वलनशील पदार्थ अपने पास नहीं रखेगा या लेकर नहीं चलेगा या उपयोग नहीं करेगा।कोई भी व्यक्ति संस्था समूह या अन्य किसी भी स्थान पर किसी भी प्रयोजन हेतु सक्षम अधिकारी की अनुमति बिना टेंट, पांडाल आदि का स्थाई या अस्थाई निर्माण नहीं करेगा। कोई भी व्यक्ति, समूह, संस्था या अन्य पक्ष किसी भी सड़क, रोड़, रास्ता हाईवे, आदि पर एकत्रित होकर यातायात में व्यवधान नहीं करेंगे या किसी अन्य प्रकार से कोई रुकावट उत्पन्न नही करेंगे या किसी व्यक्ति को आने जाने एवं उसके कार्य करने से नहीं रोकेंगे।कोई भी व्यक्ति, समूह, संस्था या ग्रुप एडमिन या अन्य सोशल मीडिया/इलेक्ट्रॉनिक संसाधन जैसे मोबाइल, कम्प्यूटर, फेसबुक, ई-मेल, व्हाट्सएप्प एवं अन्य प्रकार के संचार साधनों पर किसी दल, धर्म, जाति,



सम्प्रदाय, संस्था, व्यक्ति विरोधी एवं आमजन की भावना भड़काने वाले अथवा किसी को बुरा लगने या आहत करने वाले व कानून व्यवस्था की विपरीत स्थिति निर्मित करने वाले आपत्तिजनक मैसेज, चित्र, कमेंट/बैनर, पोस्टर आदि अपलोड नहीं करेगा/प्रदर्शित नहीं करेगा।जिले में शांति-कानून व्यवस्था तथा आमजन की सुरक्षा व सुविधा में संलग्न और शासकीय कर्तव्य पर उपस्थित एवं ड्यूटीरत पुलिसकर्मियों, पुलिस-प्रशासनिक अधिकारियों के लिए यह निर्देश लागू नहीं होंगे। कानून एवं शांति व्यवस्था बनाएं रखने हेतु इन्हें आवश्यक वैधानिक छूट प्राप्त होगी। आवश्यक होने पर जिले में पदस्थ अनुविभागीय दण्डाधिकारीगण अपने-अपने क्षेत्र में संबंधित नगर पुलिस अधीक्षक/अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) से परामर्श कर आवश्यक प्रतिबंध/शर्तों पर किसी कार्यक्रम की अनुमति प्रदान करने हेतु अधिकृत रहेंगे। यह आदेश तत्काल प्रभावशील रहेगा। उक्त आदेश का उल्लंघन भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 के अंतर्गत दण्डनीय अपराध की श्रेणी में आता है, अपने अनुभाग क्षेत्र में संबंधित एसडीएम/एसडीओ (पी) आदेश का पालन सुनिश्चित कराएंगे। यह आदेश 02 माह तक प्रभावशील रहेगा।

# होटल, लॉज में रुकने वाले लोगों की पुलिस ने की पजिलास्तरीय चोकिंग

**सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए की कार्रवाई**



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

होटल एवं लॉज में रूकने वाले लोगो की देवास पुलिस ने जिलास्तरीय चैकिंग की।सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए होटलों, धर्मशालाओं, लॉज आदि की पुलिस द्वारा सघन चेकिंग की जा रही हैं।

पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद द्वारा जिला देवास के समस्त थाना क्षेत्रों अन्तर्गत प्रभावी रूप से गश्त कर होटल/लॉज/धर्मशालाओं में रूकने वाले लोगो की चेकिंग कर शाम एवं रात्रि में गश्त/पेट्रोलिंग करते हुए अवैध गतिविधियों पर सतत निगरानी रखने हेतु निर्देशित किया गया है । जिस पर से अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जयवीर सिंह भदौरिया,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सौम्या जैन के मार्गदर्शन में समस्त अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) के निर्देशन में समस्त थाना/चौकी प्रभारियों के नेतृत्व बुधवार को थाना/चौकी क्षेत्र में पैदल/मोबाइल वाहन से भ्रमण किया जाकर भ्रमण के दौरान होटल ,ढाबों, धर्मशालाओं, बाजार, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, सार्वजनिक स्थानों आदि की औचक चेकिंग करते हुये अवैध रूप से जमाबड़ा कम करने एवं किसी प्रकार की अवैध गतिविधियां न हो इसकी समझाइश दी गई।

इसके अतिरिक्त शराब दुकान के आस-पास बैठकर शराब पीने वालो को आवश्यक हिदायत देकर वहां से जाने को कहा गया । इसके साथ ही होटल,ढाबों,लॉज बाहर से आकर रूके लोगों एवं फेरी बालो को चेक किया गया। उनके द्वारा थाने में मुसाफिरी दर्ज कराई गई है या नही कितने लोग है कहां-कहां जाते है,क्या करते है इत्यादि बिन्दुओ की तस्दीक की गई ।

### प्रधानमंत्री आवास योजना में दस्तावेजों के सत्यापन का कार्य प्रगति पर

**देवास।** मध्यप्रदेश शासन नगरीय प्रशासन एवं आवास विभाग जारी निर्देशानुसार प्रधानमंत्री आवास योजना बीएलसी घटक कृ 2 का क्रियान्वयन वर्तमान में प्रगति पर है। इस योजना में शहर के 45 वार्डों में निवासरत रहवासियों को लाभ पंहुचाने हेतु नगर निगम प्रधानमंत्री आवास योजना विभाग द्वारा नागरिकों के 4679 आवेदन पत्र भी आन लाईन प्राप्त किये जा चुके हैं जिसमें 2748 का सर्वेक्षण जारी है। महापौर गीता दुर्गेश अग्रवाल ने बताया कि नगर निगम योजनान्तर्गत प्राप्त आवेदनों का सत्यापन करने हेतु जिला कलेक्टर निर्देशानुसार नगरीय क्षेत्र के पटवारियों एवं निगम तकनीकि यंत्रियों का एक संयुक्त दल का गठन किया गया है। उक्त दल नागरिकों के द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्रों का भौतिक सत्यापन मैदानी रूप से करने हेतु सर्वे का कार्य कर रहे हैं जिसमें केन्द्र शासन द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के माप दण्ड निर्धारित किये गये जिसमें निर्धारित दस्तावेजों की जांच मौके पर की जा रही है एवं जो लोग निर्धारित दस्तावेज प्रस्तुत कर रहे हैं उन्हें पात्रता प्रदान की जा रही है। महापौर ने जिन लोगों द्वारा अपने आवेदन पत्रों के साथ निर्धारित दस्तावेज प्रस्तुत किये गये हैं एवं वे संयुक्त दल के सर्वे में पात्रता की श्रेणी में आ चुके हैं उन लोगों से अनुरोध किया है कि वे किसी प्रकार के प्रलोभन एवं बहकावे में नहीं आकर दलाल टाईप के लोगों को किसी भी प्रकार कोई राशि नहीं देवें क्योंकि योजनान्तर्गत निर्धारित दस्तावेजों के आधार पर ही चयन होगा। महापौर ने आगे कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा नागरिकों को सिर पर पक्की छत उपलब्ध कराने हेतु उक्त योजना लागू की गई है।

### जिला पुलिस लाइन देवास में निःशुल्क ब्राइटर माइंड्स प्रशिक्षण कार्यक्रम जारी



**देवास।** पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार मध्य प्रदेश पुलिस एवं हार्टफुलनेस विश्व मुख्यालय कान्हा शांति वनम हैदराबाद के सहयोग से पुलिस लाईन देवास में ब्राइटर माइंड्स प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है । यह कार्यक्रम आईजी (एडमिन) रूचि वर्धन के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद के मार्गदर्शन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) जयवीर सिंह भदौरिया के नेतृत्व में संचालित किया जा रहा है । उक्त शिविर में लगभग 20 बच्चों को ब्रेन एक्सरसाइज, ब्रीदिंग,आई एक्सरसाइज,प्रेरणादायक वीडियो,म्यूजिक,डांस,रिलेक्सेशन एक्टिविटी एवं विशेष रूप से ब्लाइंड फोल्ड एक्टिविटी के माध्यम से प्रशिक्षित किया जा रहा है । इस एक्टिविटी में बच्चों ने आंखों पर पट्टी बांधकर बॉल के रंग व कार्ड के नंबर और रंग की पहचान कर अपनी एकाग्रता और मानसिक क्षमताओं का प्रदर्शन किया । इस विशेष प्रशिक्षण का उद्देश्य मध्य प्रदेश पुलिस परिवारों के 5 से 15 वर्ष की आयु वर्ग के बच्चों के मानसिक एवं बौद्धिक विकास को सुदृढ़ करना है । यह सत्र 4 मई से प्रारंभ हुआ है एवं 10 दिवस तक आयोजित किया जाएगा । प्रशिक्षण का चौथा दिवस आज दिशा लर्निंग सेंटर पुलिस लाईन देवास में सफलता पूर्वक संपन्न हुआ । सत्र में रक्षित निरीक्षक रंजीत ठाकुर एवं ब्राइटर माइंड्स टीम से स्टेनो जवाहर सिंह,प्रआर आशीष राठौर, मुर्तजा,प्रआर नितिन धिमान,आरक्षक राजेन्द्र सिंह उपस्थित रहे ।

### महाविद्यालय उदयनगर को मिली भवन की सौगात

**देवास।** उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इन्दर सिंह परमार के निर्देश अनुरूप, उच्च शिक्षा विभाग ने इस वित्तीय वर्ष 2025-26 के शुरू होते ही 22 महाविद्यालयों के नवीन भवन निर्माण की स्वीकृति प्राप्त कर ली है। महाविद्यालय उदयनगर (देवास), बलवाड़ी (बड़वानी), भीमपुर (बैतूल), चरगवां (जबलपुर), खालवा (खंडवा), भगवानपुरा एवं झिरन्या (खरगोन), राजोधा एवं बानमोर (मुरैना), ओरछा (निवाड़ी), खोरा (पन्ना), कुरई (सिवनी), दिनारा (शिवपुरी), माडा (सिंगरौली), कायथा (उज्जैन), घुवारा (छतरपुर), बिडवाल (धार), खिरकिया (हरदा), सुलतानपुर (रायसेन), गोविंदगढ़ (रीवा) के शासकीय महाविद्यालय एवं विधि महाविद्यालय सिवनी में नवीन महाविद्यालयों के भवन निर्मित किये जाने की स्वीकृति मिली हैं। इन महाविद्यालयों के लिये औसत 15 करोड़ रुपए नवीन भवन निर्माण के लिए राशि स्वीकृत की गई है।अगले चरण में प्रदेश के लगभग 35 अन्य महाविद्यालयों के नवीन भवनों के लिए स्वीकृति के लिए प्रयास किया जाएगा।

# भाजपा कार्यालय देवास में ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर जश्न, आतिशबाजी से गूंजा माहौल

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



भारत द्वारा पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों पर किए गए ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद देशभर में गौरव और उत्साह का वातावरण है। इसी क्रम में देवास स्थित भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर भी मंगलवार को जश्न मनाया गया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने ऑपरेशन की सफलता पर जमकर आतिशबाजी की और देशभक्ति नारों से वातावरण को गुंजायमान कर दिया। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष रायसिंह सैंधव, बागली विधायक मुरली भंवरा, देवास विकास प्राधिकरण के पूर्व अध्यक्ष राजेश यादव, पंकज वर्मा, जयवर्धन जोशी, जुबेर लाला सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस दौरान सेंधव भारतीय वायुसेना एवं सुरक्षा बलों की सराहना करते हुए कहा कि पाकिस्तान में बैठे आतंकवादियों के खिलाफ किया गया यह एयर स्ट्राइक देश की सुरक्षा नीति की सशक्त अभिव्यक्ति है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और देश की सेना को धन्यवाद दिया और शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में कहा कि आतंकवाद के विरुद्ध इस निर्णायक कार्रवाई से पूरा देश गौरव का अनुभव कर रहा है। उक्त जानकारी भाजपा सह जिला मीडिया प्रभारी कमल अहिरवार ने दी।

# वरिष्ठ नागरिक संस्था ने पहलगाम आतंकी हमले के दिवंगतों को अर्पित की श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



वरिष्ठ नागरिक संस्था ने पहलगाम हमले में दिवंगत हुए पर्यटकों के प्रति शोक संवेदना व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। संस्था अध्यक्ष ओ.पी. पाराशर ने बताया कि वह स्वयं जम्मू-कश्मीर परिवार सहित घूमने गए थे। पहलगाम हमले के एक दिन पूर्व 21 अप्रैल को पाराशर जम्मू कश्मीर में ही थे।

वहां से निकलने के 24 घंटे बाद खबर आई कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमला हुआ है, जिसमें 26 निर्दोष पर्यटक अपनी जान गवां बैठे है। उक्त आतंकी हमले से पूरा देश गुस्सा है। जम्मू कश्मीर की यात्रा से देवास लौटे पाराशर ने संस्था पदाधिकारियों एवं सदस्यों के साथ दिवंगतों के प्रति शोक संवेदना व्यक्त करते हुए दो मिनिटि का मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। साथ ही पाराशर ने कहा कि उक्त आतंकवादी घटना के बाद से देश इंतजार में था कि भारत सरकार पाकिस्तान के खिलाफ कठोर कदम उठाकर इसका मुहतोड़ जवाब देगी। भारत सरकार ने पूरी रूपरेखा के साथ पाकिस्तान को मुहतोड जवाब देते हुए बुधवार को पाकिस्तान में काबिज कई आतंकी ठिकानों को ढेर कर दिया। भारत द्वारा पाकिस्तान पर किए गए जवाबी हमले से आज पूरा देश खुश है। श्रद्धांजलि के दौरान सेवानिवृत्त प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिल कुमार भाटिया, गंगासिंह सोलंकी, हिमांशु कुमार ढाली, बंशीधर चावडा, शीलनाथ आरस, मनोहर डी. सिन्हा, वीणा भार्गव, के.सी. नागर, श्याम कुमार शाह, रश्मि पाण्डेकर, मीना जाधव, शोभा नाईक, सीके दीक्षित, वी.पी. गुप्ता, सत्यनारायण सोनी, के.सी. गुप्ता, कमल पटेल, विनोद बारवाल सहित वरिष्ठजन उपस्थित थे।

# शासकीय सांदीपनि विद्यालय सन्नौड के छात्र छात्राओं का परीक्षा परिणाम रहा शत प्रतिशत

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




शासकीय सांदीपनि विद्यालय सन्नौड का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। प्राचार्य मेहरबानसिंह पारसनिया ने बताया कि सत्र 2024-25 में कक्षा 10 वीं में सम्मिलित 85 में से 64 विद्यार्थी प्रथम स्थान पर एवं 20 विद्यार्थी द्वितीय स्थान पर रहे। एक विद्यार्थी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 10 वीं में तनीषा पटेल ने 460 अंक प्राप्त कर 92 प्रतिशत के साथ विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया है। इसी प्रकार कक्षा 12 वीं में सम्मिलित 64 विद्यार्थियों में से 59 विद्यार्थी प्रथम स्थान पर एवं 5 विद्यार्थी द्वितीय स्थान पर रहे। कक्षा 12 वीं में दिव्यांशी मालवीय ने 444 अंक प्राप्त कर 89 प्रतिशत के साथ विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। विधालय स्टाफ द्वारा छात्राओं का पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया गया। इस सफलता पर प्राचार्य एवं परीक्षा प्रभारी मोहनलाल डोयरे ने विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को शुभकामनाएं देते हुए शिक्षकों को उनकी विद्यार्थियों के प्रति लग्न एवं मेहनत के लिए उनका आभार व्यक्त किया है। एवं बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## 10 मई को होने वाली नेशनल लोक अदालत को लेकर निगम कार्यालय में हुई बैठक

# करदाता बकाया करों का समय पर भुगतान करें: आयुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



नगर निगम आयुक्त रजनीश कसेरा के द्वारा 10 मई को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत में शहर के सम्पत्तिकर, जलकर, लाइसेंस फीस, दुकान किराये की राशि के मांग पत्र व कर संबंधी देयकों के वितरण की समीक्षा बैठक की गई तथा राजस्व विभाग के समस्त 45 वार्ड वसूली कर्ताओं को वसूली मांग अनुसार निर्धारित वसूली लक्ष्यों को सौंपा गया। इस नेशनल लोक अदालत में शहर के सम्पत्तिकर, जलकर दाताओं को बकाया करों के भुगतान संबंधी जानकारी नवीन सिस्टम के अन्तर्गत वी श्योर कन्सलटेंसी द्वारा एआई बेस कॉलिंग कम्पनी के माध्यम से दी जाएगी। जिसमें कर दाताओं को उनके करों की अदायगी समय पर कराने हेतु संदेश दिये जाएगे।

जिसमें करदाताओं को उनके सम्पत्तिकर की आई.डी.बकाया कर की राशि को जमा कराने हेतु प्रेरित किया जाएगा। वी श्योर कन्सलटेंसी कम्पनी के अमित राठी व उनकी टीम द्वारा इस संबंध में प्रतिकात्मक रूप से कुछ करदाताओं से बैठक के दौरान सिस्टम के तहत कॉलिंग कर करों को जमा करने संबंधी चर्चा कर डेमो भी दिया गया। उक्त कम्पनी के द्वारा नगर निगम देवास को उक्त कॉलिंग सुविधा प्रथम स्तर पर 4 वार्डो 23,24,25,26 में कराई जाएगी। बैठक में आयुक्त के द्वारा समस्त् 45 वार्डों के वसूलीकर्ताओं से उनके वार्डों के कर की बकाया करों की वसूली की मांग की समीक्षा की गई तथा इन्हें तथा इन्हें वार्ड की कुल वसूली का एक निश्चित लक्ष्य भी सौंपा गया जिसकी पूर्ति करने के सख्त निर्देश दिये गये तथा सौंपे गये वसूली लक्ष्य को प्राप्त नहीं करने की स्थिति में वेतन रोकने व काटने के निर्देश डीसीएफ दीपक पटेल को बैठक में दिये गये। बैठक में वार्ड क्रमांक 14 के वसूलीकर्ता विनियमित कर्मचारी संजय बाली को वार्ड की सम्पत्तिकर के बकाया राशि के बिलों को वितरण नहीं करने पर तथा बैठक में संतुष्टीपूर्वक जवाब नहीं देने पर सेवा से पृथक किया गया। बैठक में आयुक्त ने राजस्व निरीक्षकों व वार्ड वसूलीकर्ताओं को निर्देशित किया गया है कि वे अपने अपने वार्डों में जिन करदाताओं को बिलों का वितरण किया गया है उनसे कर जमा करने हेतु संपर्क भी करें तथा इस पर विशेष फोकस करें। बैठक में आयुक्त के द्वारा जिन शैक्षणिक संस्थाओं, गार्डनों के मालिकों द्वारा कर जमा नहीं कराये जा रहे हैं उन पर विभागीय कार्यवाही कर इन्हें सील भी करें। बैठक में उपायुक्त देवबाला पिपलोनिया,जाकिर जाफरी, राजस्व विभाग से राम ठाकुर, संजय सांगते, दिलीप मालवीय, राजेश जोशी, मनोरमा बर्मन, हरेन्द्र सिंह ठाकुर, ई नगर पालिका से आनंद प्रजापत आदि उपस्थित रहे।

# पंच कल्याणक महामहोत्सव का हुआ आयोजन




हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

दिगंबर जैन समाज के नवनिर्मित जिनालय पर हो रहे पंच कल्याणक महामहोत्सव के जन्म कल्याण दिवस के अवसर पर मुनिश्री 108 निष्पक्ष सागर एवं मुनि श्री 108 निस्पृह सागर महाराज ने बताया कि भगवान का जन्म कैसे होता है, मुनि श्री ने बताया कि मां कैसी होनी चाहिए एक बच्चे के निर्माण में माता पिता की अहम भूमिका एक मां सिर्फ बच्चे को जन्म ही नहीं देती है बल्कि बच्चे को पाषाण से भगवान बनाने तक के सारे संस्कार देती है। पंचकल्याणक महोत्सव के तीसरे दिन बुधवार प्रातः 6.14 पर भगवान का जन्म हुआ, पूजन अभिषेक के बाद भगवान को सौधर्म इंद्र एवं अन्य इंद्रों द्वारा ऐरावत हाथी पर घोड़े बैंड बाजे के साथ नगर भ्रमण कराया गया उसके बाद भगवान को पांडव शिला पर विराजमान कर सौधर्म इंद्र, ईशान इंद्र, महेंद्र कुबेर आदि के साथ सभी इंद्रों द्वारा भगवान का जन्माभिषेक किया।

**खबर संक्षेप**

### गो ग्रास के लिए पार्वती धाम में दिया दान

**आष्टा।** नगर की मां पार्वती धाम गो शाला में गो माताओं के आहार हेतु गेहूं के भूसे के लिए 5100 रुपए की दान स्वरूप राशि स्वर्गीय दिलीप मेहता की प्रथम पुण्यतिथि पर उनके पुत्र किराना व्यापारी संघ अध्यक्ष युवा समाजसेवी शैलेंद्र मेहता ने मां पार्वती धाम गोशाला कोषाध्यक्ष संजय सुराणा को गो माताओं के आहार हेतु प्रदान किए। मां पार्वती धाम गोशाला समिति ने श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए मेहता परिवार का आभार व्यक्त किया।

### समग्र आईडी का आधार से ई-केवायसी कराने पर मिलेगा लाभ

**आष्टा।** शासन के निर्देशानुसार व्यवस्था लागू की गई है कि समग्र आईडी का आधार से ई-केवायसी कराने वाले नागरिकों को ही शासकीय योजनाओं/सुविधाओं का लाभ दिया जाएगा। समग्र आईडी की ई-केवायसी नहीं कराने वाले नागरिकों को किसी भी शासकीय योजनाओं/सुविधाओं का लाभ नहीं मिल पाएगा। समग्र से आधार ई केवायसी का अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत जिले में पिछले एक सप्ताह में 46 हजार 258 हितग्राहियों के समग्र आई डी की ई-केवायसी की गई है। जिले में कुल 68 लाख से अधिक समग्र आईडी बनी हुई है।

साल भर मेंटनेंस के नाम पर होती है बिजली कटौती, हालात जस के तस

# कहीं झूल रहे बिजली के तार तो कहीं आड़े हो गए खंभे, गिरे तो हो सकता है हादसा

आए दिन घंटो बिजली बंद कर मेंटनेंस करने के बाद भी जगह-जगह बिगड़े है हालात।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

कही लटकते बिजली तार तो कही आड़े टेड़े हुए बिजली खंभे कुछ ऐसे ही हाल आष्टा क्षेत्र में हैं। इन लटकते तार और आड़े टेड़े खंभों पर करंट दौड़ रहा है और ऐसे में यह गिरे तो कितनी बड़ी घटना घटेगी इसका आसानी से अंदाजा लगा सकते हैं।

बावजूद इस दिशा में बिजली कंपनी कोई ठोस कदम उठाने की बजाए बेपरवाह बनी हुई है। शहर के सेमनरी रोड पर कॉलोनी चौराहा से चर्च के बीच सडक़ किनारे लगे 11 केवी बिजली खंभे आड़े हो गए हैं। खंभों में लगे तार में करंट प्रवाहित हो रहा है। इससे हमेशा गिरने की अशंका रहती है। जिस जगह पर यह खंभे आड़े हुए हैं उसके पास ही रोड होने के साथ ही निजी अस्पताल और अन्य संस्था, दुकान संचालित हो रही है। इससे लोगों में डर की स्थिति देखने मिल रही है। नागरिकों का कहना है कि कंपनी को



जल्द ही खंभे को सही करना चाहिए नहीं तो बड़ा हादसा होने से इनकार नहीं किया जा सकता है। टूटकर गिरा था तारशासकीय उत्कृष्ट स्कूल मैदान के अंदर से हाइटेंशन लाइन निकली है। इस लाइन को शिफ्ट कराने स्कूल प्रबंधन की तरफ से कई बार बिजली कंपनी अफसरों को अवगत कराया, लेकिन अब तक कुछ नहीं हुआ है। कुछ साल पहले हाइटेंशन लाइन तार टूटकर गिर गया था, उस समय आसपास कोई नहीं होने से बड़ा हादसा होते हुए रूका था। अभी स्कूल में भले ही बच्चे नहीं आ रहे हो, लेकिन कक्षा चालू रहने पर काफी बच्चे पढने आते हैं। वह लंच का समय इसी परिसर में व्यतीत करते हैं ऐसे में उनकी जान खतरे में रहती है।

भाऊबाबा मंदिर, अदालत चौराहा सहित अन्य जगह बीच सडक़ पर ही बिजली खंभे खड़े हुए हैं। इन खंभों की वजह से आवाजाही करने वालों को परेशानी होती ही है साथ में दुर्घटना की अलग अशंका बनी रहती है। कई बार वाहन टकराने से लोग घायल होकर अस्पताल का मुंह देख चुके हैं, लेकिन फिर भी सडक़ से अलग नहीं हटाया गया है। लोगों ने बताया कि कंपनी को जल्द ही समस्या को दूर करना चाहिए। बता दे कि यह समस्या पिछले कई साल से चली आ रही है जिसका निराकरण नहीं होना अनदेखी को दर्शाता है।

## तेज हवा आंधी के साथ हुई बारिश से बिगड़े हालात



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

चार दिन से क्षेत्र का मौसम लगातार बदल रहा है। दोपहर से आंधी-पानी का दौर शुरू हो जाता है। सोमवार शाम और रात में कई क्षेत्रों में रुक-रुक कर बारिश हुई।

बारिश से सबसे ज्यादा परेशानी बुधवारा और परदेशीपुरा के लोगों को हुई। यहां पानी निकासी की उचित व्यवस्था नहीं होने से सड़कों पर पानी भर गया। भोपाल नाका, अस्पताल चौराहा, दरगाह के पास और जेके हॉस्पिटल के सामने भी यही स्थिति रही। मंडी व्यापारियों को भी नुकसान झेलना पड़ा। परिसर में रखा अनाज भीग गया।

क्षेत्र के जावर, मेहतवाड़ा, मैना, डोडी, खाचरोद, सिद्धिगंज और कोठरी जैसे ग्रामीण क्षेत्रों में शादी समारोहों को भी नुकसान हुआ। आंधी-पानी से कई टेंट उड़ गए। मौसम विशेषज्ञ एसएस तोमर ने बताया कि 3 दिन ऐसा ही मौसम रहेगा। हवा, आंधी के साथ रिमझिम तो कहीं तेज बारिश होगी।



### ऑपरेशन मुस्कान के तहत मिली सफलता



**आष्टा।** थाना आष्टा पुलिस ने ऑपरेशन मुस्कान के अंतर्गत एक वर्ष से अधिक समय से गुमशुदा नाबालिग बालिका को राजस्थान राज्य के बांसवाड़ा जिले से दस्तयाब कर उसके परिजनों के सुपुर्द करने में सफलता अर्जित की है।उल्लेखनीय है कि पुलिस मुख्यालय द्वारा प्रदेश की समस्त इकाइयों को गुमशुदा बालिकाओं की तलाश हेतु विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक सीहोर दीपक कुमार शुक्ला द्वारा जिले के समस्त अनुभाग प्रभारी एवं थाना प्रभारियों को लंबित अपहरण के मामलों को प्राथमिकता के आधार पर लेकर संवेदनशीलता एवं त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश जारी किए गए थे। इन्हीं निर्देशों के पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीहोर श्रीमति सुनिता रावत एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस आष्टा आकाश अमलकर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी नगर निरीक्षक गिरीश दुबे के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा अपहृत बालिका को अपराध क्रमांक 208/23, धारा 363 भादवि के प्रकरण में राजस्थान के बांसवाड़ा जिले से दस्तयाब किया गया तथा सकुशल उसके परिजनों के सुपुर्द किया गया। दस्तयाबी में सम्मिलित पुलिस टीम नगर निरीक्षक गिरीश दुबे, उप निरीक्षक अविनाश भोपले, आरक्षक शिवराज चंद्रवंशी, आरक्षक विनोद परमार, महिला आरक्षक हंसा परमार सहित थाने का स्टाफ शामिल है।

## ग्राम डीमावर में जल चौपाल हुई आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

कलेक्टर बालागुरू के. तथा जिला पंचायत सीईओ डॉ नेहा के निर्देशानुसार जिले के जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत अनेकों गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसी क्रम में नीलकंठ समूह जल प्रदाय योजना के ग्राम पंचायत डीमावर में जल चौपाल का आयोजन किया गया। इस जल चौपाल में ग्रामवासियों को जल संरक्षण, जल प्रबंधन और जल स्त्रोतों के पुनर्जीवन के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। जल चौपाल में ग्रामवासियों को बताया गया कि किस प्रकार छोटे-छोटे प्रयासों से जल का सरंक्षण कर भविष्य में उत्पन्न होने वाले जल संकट को रोका जा सकता है। इस अवसर पर ग्रामवासियो को बताया गया कि जल की एक-एक बूंद बहुत कीमती है। प्रकृति की इस अमूल्य धरोहर को सहेजना हम सभी का नैतिक कर्तव्य है। यदि आज हम जल का संरक्षण करते हैं तो हमारी आने वाली पीढ़ियों को एक सुरक्षित कल दे सकते हैं। इस अवसर पर सभी ग्रामवासियों को जल संरक्षण एवं संवर्धन की शपथ दिलाई गई और सभी ग्रामवासियों ने जल बचाने के लिए संकल्प लिया। इस अवसर पर मध्य प्रदेश जल निगम के अमले के साथ, सरपंच, सचिव, आशा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

## नपा के काउकेचर-ट्राली-मैजिक वाहन में हुई चोरी का खुलासा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

बीते दिनों नगर पालिका परिषद के रैन बसेरा परिसर से काउकेचर ट्राली और और मैजिक वाहन की बैटरी चोरी करने वालों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इस संबंध में सीएमओ भूपेन्द्र दीक्षित ने बताया कि गत दिनों हुई चोरी में कबाड़ी और नपा कर्मचारी की मिलीभगत से चोरी की घटना हुई थी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और पूछताछ जारी है। सीएमओ ने तत्काल आरोपी पर कार्रवाई करने की बात कही है। गत दिनों इस संबंध में नगर पालिका स्टाफ ने थाने में बताया की 26 अप्रैल को नगर पालिका परिषद के रैन बसेरा प्रांगड में काउकेचर ट्राली व मेजिक वाहन क्रमांक एमपी 37 एल 1692 रखा था तीन मई को अमीत यादव ने जाकर देखा तो काउकेचर ट्राली के हाईड्रोलिक पम्प व मेजिक वाहन क्रमांक एमपी 37 एल 1692 में लगी बैट्री नहीं थी। जिसकी पता तलाश आसपास की गई कुछ पता नहीं चला कोई अज्ञात चोर काउकेचर ट्राली के हाईड्रोलिक पम्प व मेजिक वाहन की बैट्री कीमती करीब 50 हजार चोरी करके ले गया है जिसके बाद वरिष्ट अधिकारियो को चोरी की घटना से अवगत कराया जिसके बाद वरिष्ट अधिकारियो के दिशा निर्देश पर नगर पालिका में पदस्थ स्वास्थ्य अधिकारी योगेश राठी ने थाने में चोरी की घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने आरोपी नगर पालिका में पदस्थ अर्जुन को गिरफ्तार किया।

## कलेक्टर ने की जिले में चल रहे विकास व निर्माण कार्यों की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

कलेक्टर श्री बालागुरू के. ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में निर्माण विभागों की बैठक आयोजित कर जिले में चल रहे निर्माण एवं विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर बालागुरू के. ने सभी संबंधित अधिकारियों को जिले में चल रहे सभी निर्माण एवं विकास कार्यों में तेजी लाते हुए समय सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी अपने मैदानी अमले को लक्ष्य देकर उसके अनुरूप कार्य को पूर्ण कराए। इसके साथ ही सभी निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। कलेक्टर बालागुरू के. ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि विकास एवं निर्माण कार्यों के निरीक्षण के दौरान यदि गुणवत्ता में कोई कमी पाई जाती है तो संबंधित के विरूद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी विकास एवं निर्माण कार्यो की मॉनिटरिंग करें और कार्यों को




जल्द से जल्द से पूर्ण कराएं। उन्होंने जिले में चल रहे पुल, पुलिया, नाली सहित अन्य सभी निर्माण कार्यों को वर्षा ऋतु से पहले ही पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गुणत्तपूर्ण और अच्छे पुलों के निमार्ण से एक विकसित देश का निर्माण होता है, उत्कृष्ट निमार्ण कार्य हमारे देश की नींव हैं।

उन्होंने बैठक के दौरान अधिकारियों से कहा कि किसी भी कार्य के लिए उतनी ही समय सीमा बताई जाए जितने समय मे वह कार्य पूर्ण हो सके। उन्होंने संबंधित ठेकेदारों को निर्देश दिए कि समय का एक-एक दिन बहुत कीमती है, समय खराब न करें और विकास एवं निर्माण कार्यों को जल्द से जल्द पूर्ण करने का प्रयास करें। बैठक में कलेक्टर श्री बालागुरू के. ने आवागमन को सुगम बनाए रखने के लिए लोक निर्माण विभाग को सभी सड़कों एवं पुलों के निर्माण कार्यों को पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि अतिक्रमण के कारण यदि कही सड़क निर्माण कार्य में दिक्कत आती है, तो वहां त्वरित कार्यवाही करते हुए अतिक्रमण को हटाया जाए और निर्माण कार्य पूर्ण किया जाए, ताकि आमजन को किसी तरह की परेशानी न हो। बैठक में जिला पंचायत सीईओ डॉ नेहा जैन ने जिले की पंचायतों के चल रहे निर्माण एवं विकास कार्यों को समय सीमा में पूर्ण कराने के संबंधित अधिकारियों निर्देश दिए।

## नेशनल लोक अदालत के प्रचार-प्रसार के लिए प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना, 10 मई को होगा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीहोर के निर्देशन में 10 मई 2025 को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण हेतु प्रचार प्रसार एवं नागरिकों को जागरूक किए जाने हेतु प्रचार वाहनों को हरी झंडी दिखाकर तहसील विधिक सेवा समिति आष्टा के अध्यक्ष/जिला न्यायाधीश विजय डांगी, न्यायाधीश नदीम जावेद खान, न्यायाधीश ऋचा जैन, न्यायाधीश ऋचा शर्मा द्वारा रवाना किया गया।न्यायालय में लंबित प्रिलिटिगेशन प्रकरणों में 10 मई को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत में राजीनामा योग्य आपराधिक प्रकरण, चैक बाउंस के प्रकरण



बैंक वसूली प्रकरण, मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण, विद्युत चोरी प्रकरण, वैवाहिक विवाद के प्रकरण भूमि अधिग्रहण के प्रकरण और सभी प्रकार के सिविल व भूमि विवाद के प्रकरण में पक्षकारों के मध्य राजीनामा के आधार निराकृत किए जाऐंगे। नगर पालिका एवं विद्युत प्रकरण के अंतर्गत जलकर, संपत्तिकर के नियम अनुसार छूट प्रदान की जावेगी। इस अवसर पर भारतीय स्टेट बैंक के मुख्य प्रबंधक अरूण सिन्हा, रमेश सिंह उपमहाप्रबंधक विद्युत वितरण कम्पनी लिमिटेड, मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेश सक्सेना, समस्त अधिवक्तागण उपस्थित रहे। ऊर्जा विभाग द्वारा विद्युत अधिनियम से संबंधित न्यायालय में लंबित प्रिलिटिगेशन प्रकरणों में 10 मई 2025 को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत में छूट के निर्देश दिए गए है। न्यायालय में चल रहे विद्युत के लंबित प्रकरणों में 20 प्रतिशत छूट रहेगी और प्रिलिटिगेशन प्रकरणों में 30 प्रतिशत एवं चक्रवृद्धि ब्याज की छूट रहेगी। छूट का लाभ नेशनल लोक अदालत 10 मई 2025 में समझौता करने के लिए ही लागू रहेगी।

सिविल अस्पताल में लगाया गया मानसिक स्वास्थ्य जांच शिविर

# दिल्ली और भोपाल के विशेषज्ञों ने मरीजों की निःशुल्क जांच की





हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

सिविल अस्पताल में मंगलवार को मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता और जांच शिविर लगाया गया। इसमें राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य पुनर्वास संस्थान, भोपाल एम्स और दिल्ली के विशेषज्ञों की टीम ने भाग लिया। दिल्ली से आए डॉक्टर हिमांशु सिंह के अनुसार, शिविर सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक चला। इसका मुख्य उद्देश्य आष्टा के ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ पहुंचाना था। शिविर में कई प्रकार की निःशुल्क सेवाएं प्रदान की गईं। इनमें मनोवैज्ञानिक जांच, काउंसलिंग, रेफरल सहायता, नशा मुक्ति जागरूकता, न्यूरो रिहैब सेवाएं, ऑक्यूपेशनल थेरेपी और स्पीच थेरेपी शामिल थीं। वृद्धजनों के लिए विशेष मनोचिकित्सकीय सेवाएं और विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए विशेष सेवाएं भी उपलब्ध कराई गईं। शिविर में डॉ. अमित चौधरी (मनोचिकित्सक), डॉ. प्रियंका लेगा, डॉ. नित्या नंदा और ए बास सहित कई विशेषज्ञ मौजूद थे।

## शासकीय उमावि के कक्षा 12वीं 10वीं के विद्यार्थियों ने मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्यामपुर

घोषित बोर्ड परीक्षा परिणाम में पी एम श्री श्यामपुर ने कर दिखाया की ग्रामीण क्षेत्र में शासकीय शालाएं आज भी सर्वश्रेष्ठ है पीएम श्री श्यामपुर में कक्षा 12 वी में कुल दर्ज 153 में से 149 बालक बालिका उत्तीर्ण हुए।

जिसमें से प्रथम श्रेणी में 112 बच्चे उत्तीर्ण हुए विषय बार गणित समूह का वार्षिक परीक्षा परिणाम 97.2 प्रतिशत कला समूह का वार्षिक परीक्षा परिणाम 98.5प्रतिशत वाणिज्य समूह का वार्षिक परीक्षा परिणाम 97.4 प्रतिशत कक्षा 12 वी का पी एम श्री श्यामपुर का वार्षिक परीक्षा परिणाम 97.38 प्रतिशत रहा तथा इसमें से 14 बच्चों को 91 प्रतिशत से 93.3 प्रतिशत अंक आयें है एवं 71 बच्चों को 75 से 90 प्रतिशत अंक आयें है जो की एक ग्रामीण क्षेत्र की शाला में आज तक के इतिहास में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है कक्षा 12 वी का शाला का वार्षिक परीक्षा परिणाम 97 प्रतिशत रहा। कक्षा 10 वी में कुल 201 बालक बालिका में से 178 बच्चे उत्तीर्ण हुए हैं जिसमें 90 बच्चे प्रथम श्रेणी एवं 88 बच्चे द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए हैं इनमें से 44 बच्चों के 75% से 94 प्रतिशत अंक आयें है कक्षा 10 वी का शाला का वार्षिक परीक्षा परिणाम 88 प्रतिशत रहा है।

पीएम श्री शासकीय उमावि श्यामपुर लगातार तीन वर्ष से ग्रामीण क्षेत्र की सर्वाधिक लोकप्रिय विधालय बना हुआ है वर्तमान में इस विधालय में कक्षा 6 -12 तक 1023 बालक बालिका दर्ज है ।शाला प्रमुख फ्रास्सिंका बारा के कुशल मार्गदर्शन एवं नेतृत्व क्षमता से पी एम श्री श्यामपुर निरन्तर प्रगतिशील बना हुआ है।

## कक्षा 12वीं का 69.43 प्रतिशत व कक्षा 10वीं का 76.97 फीसदी रहा परीक्षा परिणाम


# एमपी बोर्ड रिजल्टः जिले के 6 विद्यार्थियों ने प्रदेश प्रावीण्य सूची में पाया स्थान











हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा- राजगढ़

माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा मंगलवार को घोषित कक्षा 12वीं और कक्षा 10वीं के परीक्षा परिणामों में जिले ने गत वर्ष से बेहतर प्रदर्शन किया है। इस साल कक्षा बारहवीं में जिले का परीक्षा परिणाम जहां 69.43 प्रतिशत रहा वहीं कक्षा दसवीं का परिणाम 76.97 प्रतिशत रहा है। जबकि, पिछले साल कक्षा बारहवीं का परिणाम 62.42 एवं कक्षा दसवीं का परिणाम 58.55 फीसदी रहा था। इसे जिले के लिए एक बड़ी उपलब्धि भी कहा जाएगा जो दोनों कक्षाओं को मिलाकर कुल छह विद्यार्थियों ने प्रादेषिक मेरिट सूची में स्थान पाया है। कक्षा 12वीं की स्टेट लेवल मेरिट सूची में ब्यावरा पब्लिक स्कूल की छात्रा कुमारी भावना शिवहरे पिता रामकरण ने कला संकाय में नवां स्थान पाया है। भावना ने 500 में से 481 अंक लाते हुए यह उपलब्धि हासिल की।

### यह हैं प्रदेश भर में जिले का नाम रोशन करने वाले विद्यार्थी

इसी तरह कक्षा दसवीं में जिले के विभिन्न स्कूलों के पांच विद्यार्थी स्टेट लेवल मेरिट सूची में शामिल हुए हैं। इनमें शा स्कूल बावडी खेडा तलेन कि प्रिया धनगर ने 495/500 अंक प्राप्त कर प्रदेश में 6वां स्थान प्राप्त सिस्टर निवेदिता स्कूल ब्यावरा की गरिमा यादव ने 493/500 अंक प्राप्त कर प्रदेश में 8वां स्थान बनाया, देवव्रत अकादमी नरसिंहगढ की श्री पालीवाल ने 493/500 अंक प्राप्त कर प्रदेश में 8वां स्थान प्राप्त किया, मानस हायर सेकेन्ड्री स्कूल ब्यावरा के .केशव पंवार ने 492/500 अंक प्राप्त कर प्रदेश में 9वां स्थान बनाया एवं मास्टर माइंड अकादमी तलेन की कुमारी मेघा राजपूत ने 492/500 अंक प्राप्त कर प्रदेश में 9वां स्थान बनाकर प्रदेशभर में जिले का नाम रोशन किया है।

### हायर सेकंडरी का यह रहा परीक्षा परिणाम

हायर सेकन्ड्री कक्षा 12वीं में इस साल जिले से कुल 13348 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी थी। इनमें से 9267 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए वहीं 4070 विद्यार्थियों को निराषा का सामना करना पड़ा। कक्षा 12वीं में जिले के 6609 विद्यार्थी प्रथम, 2650 विद्यार्थी द्वितीय एवं 8 विद्यार्थी तृतीय श्रैणी में उत्तीर्ण हुए। इस तरह कक्षा 12वीं में जिले का कुल परीक्षा परिणाम 69.43 प्रतिशत रहा है। अगर 12वीं में छात्र-छात्राओं के अलग-अलग परिणामों की बात करें तो कुल दर्ज परीक्षार्थियों में 74.17 प्रतिशत छात्राएं एवं 65.22 प्रतिशत छात्र इस परीक्षा में उत्तीर्ण हुए हैं। इस तरह छात्राओं का पलड़ा एक बार फिर से भारी रहा है।

### हाईस्कूल का इतना रहा परीक्षा परिणाम

हाईस्कूल में इस साल जिले से कुल 17916 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए थे जिनमें से 13789 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए वहीं 4124 विद्यार्थियों परीक्षा में फेल हो गए। कक्षा 10वीं में जिले के 10532 विद्यार्थी प्रथम, 3244 विद्यार्थी द्वितीय एवं 13 विद्यार्थी तृतीय श्रैणी में उत्तीर्ण हुए। इस तरह जिले का कुल परीक्षा परिणाम 76.97 प्रतिशत रहा है। हाईस्कूल में उत्तीर्ण छात्राओं का प्रतिशत जहां 80.09 फीसदी रहा वहीं 74.10 फीसदी छात्रों ने परीक्षा उत्तीर्ण की है। इस परीक्षा में भी छात्राओं ने छात्रों से बेहतर प्रदर्षन किया।

### 10वीं की जिला स्तरीय मेरिट सूची के टॉप विद्यार्थी (प्राप्तांक 500 में से)

| विद्यार्थी का नाम | स्कूल | प्राप्तांक | जिले में स्थान |
|---|---|---|---|
| योगेश पिता मांगीलाल बैरागी | मां सरस्वति एकेडमी, जीरापुर | 488 | प्रथम |
| राजकुमार पिता गोपालदास मालवीय | शा. हाईस्कूल, मऊ | 487 | द्वितीय |
| संदीप पिता पप्पूलाल लववंशी | केसी कान्वेंट, ब्यावरा | 487 | द्वितीय |
| आशा पिता शिवराज नागर | मास्टर टेलेन्ट कान्वेंट, पटाड़ियाधाकड़ | 487 | द्वितीय |
| अनुराधा पिता कृष्णगोपाल शर्मा | होली एन्जेल्स स्कूल, कुरावर | 487 | द्वितीय |
| हर्षिता पिता चंद्रसिंह कुशवाह | शेफील्ड पब्लिक स्कूल, राजगढ़ | 486 | तृतीय |
| आनंद पिता मुकेश राठौर | साईं एजुकेयरन एकेडमी, नरसिंहगढ़ | 486 | तृतीय |

### 12वीं की जिला स्तरीय मेरिट सूची के टॉप विद्यार्थी

| विद्यार्थी का नाम | स्कूल | संकाय |
|---|---|---|
| मनीषा पुत्री दौलतराम गुर्जर | मानस स्कूल, ब्यावरा | कला |
| उमा पुत्री ओमप्रकाश सेन | शा. हाईस्कूल, उदनखेड़ी | कला |
| आशीष पिता मुरलीधर कारपेंटर | शा. मॉडल स्कूल, जीरापुर | विज्ञान |
| आदित्य पिता रामस्वरूप भरथरे | शा. बालक हाईस्कूल, ब्यावरा | विज्ञान |
| सुमित पिता रायसिंह नागर | एकलव्य स्कूल पीपलीदेव उदनखेड़ी | विज्ञान |
| शीतल पिता राजू कुषवाह | मानस स्कूल, ब्यावरा | विज्ञान |
| आरती पिता राजनारायण यादव | कन्या उमावि, ब्यावरा | विज्ञान |
| प्रियांशी पिता अवशेध चंद्रावत | होली एन्जेल स्कूल, कुरावर | कामर्स |
| मनस्वी पिता आनंद गुप्ता | रॉयल हाईट्स, जीरापुर | कामर्स |
| रेणुका पिता भगवान सिंह सिसोदिया | मास्टर माइंड स्कूल तेलन | कृषि |

### संदीपनि शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का उत्कृष्ट रहा परिणाम

*सुठालिया। संदीपनि शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुठालिया का कक्षा 10वीं एवं 12वीं का परीक्षा परिणाम शानदार रहा कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम 98: रहा। 131 छात्राओं में से 128 छात्राएं उत्तीर्ण हुई। जिसमें 82 छात्राएं प्रथम श्रेणी में ,37 छात्राएं द्वितीय श्रेणी में और 9 छात्राएं तृतीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुई। कक्षा 10वीं में सबसे अधिक अंक कुमारी लक्ष्मी शर्मा ने 96.6 (483/500) प्राप्त किए। कक्षा 12वीं साइंस का रिजल्ट 100: रहा। 12वीं साइंस में सबसे अधिक अंक कुमारी लक्ष्मी अहिरवार ने 85.8 प्रतिशत प्राप्त किए। 12वीं आट्र्स का रिजल्ट 70: रहा। 12वीं आट्र्स में सर्वाधिक अंक कुमारी अनुष्का विश्वकर्मा ने 87 (438/500) प्राप्त किए। संकुल एवं संस्था प्राचार्य दिनेश कुमार धनगर के मार्गदर्शन में सभी विषय एवं स्टाफ सदस्यों की मेहनत और सतत तैयारी से यह परीक्षा परिणाम संभव हो पाया है! इस परीक्षा परिणाम पर संकुल प्राचार्य दिनेश कुमार धनगर द्वारा सभी स्टाफ सदस्यों का आभार व्यक्त किया एवं छात्राओं को बधाई दी।*

## ब्लड बैंक यूनिट में ब्लड की कमी के चलते उठाया कदम

# एसपी कार्यालय में आयोजित शिविर में 75 सेवाभावियों ने किया रक्तदान




**राजगढ़।** राजगढ़ जिला अस्पताल की ब्लड बैंक यूनिट में काफी समय से रक्त की कमी बनी हुई है। करीब 6000 यूनिट क्षमता वाले ब्लड बैंक में विभिन्न ग्रुप्स का सिर्फ 20 यूनिट के करीब ब्लड ही शेष बचा था। जबकि, थेलेसीमिया पीड़ित बच्चों को रोजाना ब्लड की आवष्यकता होती है। इसके साथ ही इमरजेंसी के अन्य केसेज में भी मरीजों को खासी परेषानियों का सामना करना पड़ता है। इसी को देखते हुए पुलिस अधीक्षक डॉ. आदित्य मिश्रा द्वारा मंगलवार दोपहर अपने कार्यालय परिसर में ही रक्तदान शिविर का आयोजन करवाया गया। इस दौरान जिला अस्पताल की ब्लड कलेक्शन एवं ट्रांसपोर्टेशन वैन को मौके पर ही बुलवा लिया गया। इस विषेष वाहन में रक्तदान एवं ब्लड स्टोरेज की समस्त सुविधाएं मौजूद हैं। सुबह से लेकर शाम तक आयोजित हुए इस षिविर में पुलिसकर्मियों के साथ ही विभिन्न गणमान्यजनों, समाजसेवियों, रक्तदाताओं व अन्य ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। देर शाम तक आयोजित हुए षिविर में लगभग 75 लोग रक्तदान कर चुके थे।

### जनसुनवाई में आए आवेदकों ने भी किया रक्तदान

हर मंगलवार पुलिस अधीक्षक कार्यालय में जनसुनवाई का आयोजन भी होता है। ऐसे में जनसुनवाई में आए विभिन्न आवेदकों द्वारा भी इस पुनीत कार्य में अपनी सहभागिता सुनिष्चित करते हुए स्वेच्छा से रक्तदान किया गया। इसके साथ ही विभिन्न शासकीय विभागों के अधिकारियों, कर्मचारियों ने भी शिविर में पहुंचकर रक्तदान किया।

# पदोन्नति के साथ हुए स्थानांतरण पर दी भावभीनी विदाई



**राजगढ़।** गत दिवस वित्त विभाग द्वारा जारी आदेशानुसार जिला कोषालय सह जिला पेंशन अधिकारी आर.एल. गोलिया को पदोन्नत करते हुए उन्हें नगरीय प्रशासन भोपाल में संयुक्त संचालक बनाया गया है। गोलिया की पदोन्नति उपरान्त मंगलवार को कलेक्टर डॉ. गिरीष मिश्रा द्वारा उन्हें रिलीव कर दिया गया। इस मौके पर विदाई समारोह का आयोजन भी किया गया जहां कलेक्टर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों, कर्मचारियों ने उन्हें शॉल, श्रीफल भेंट करते हुए भावभीनी विदाई दी। इस अवसर पर उपस्थित संगठनों के पदाधिकारियों ने श्री गोलिया के विगत 10 वर्षों के कार्यकाल में कर्मचारियों एवं पेंषनरों के वेतन निर्धारण, परिवार पेंषन, एरियर भुगतान जैसी समस्याओं के त्वरित निराकरण पर उनकी प्रशंसा की गई। विदाई समारोह में अपर कलेक्टर षिवप्रसाद मंडराह ने निवार्चन जैसे महत्वपूर्ण कार्य में गोलिया द्वारा दिए गए योगदानों की सराहना की।

# कलेक्टर ने चलित जल सेवा का शुभारंभ किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा




सोमवार को कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने व्यापार महासंघ द्वारा शुरू की गई चलित प्याऊ का शुभारंभ किया।

कलेक्टर अंशुल गुप्ता द्वारा जल कलश की पूजन कर अपने हाथों से जल सेवा की। इस अवसर पर महासंघ के अध्यक्ष मुन्ना भैया जैन ने कहा कि दुनिया में जल सेवा से बड़ी कोई सेवा नहीं है। पूर्व अध्यक्ष राजेश जैन ने कहा कि हम अपने आप को भाग्यशाली मानते हैं कि भगवान ने हमें यह सेवा का मौका दिया। व्यापार महासंघ के उपाध्यक्ष नीरज चौरसिया ने कलेक्टर का धन्यवाद ज्ञापित किया क्योंकि जल सेवा का प्रकल्प करने के लिए उन्होंने विदिशा व्यापार महासंघ को प्रेरित किया। इस दौरान पूर्व अध्यक्ष सुरेश मोतियानी, महामंत्री नवल शास्त्री, संयुक्त मंत्री मनीष अरोरा, कोषाध्यक्ष विश्वनाथ अग्रवाल, समाजसेवी हरिनारायण चौरसिया, देवेन्द्र राठौर, डायरेक्टर राजीव चंदौरिया, महेश सोनी, मनीष जैन, मुकेश जैन, तरुण भंडारी अमित जैन एवं राजकुमार अग्रवाल मौजूद रहे।

## स्वच्छता की दिशा में फूलमाली समाज बागकुआ टंकी के युवाओं की अनुकरणीय पहल

# मुक्तिधाम में बिखरे पड़े कचरे की सफाई पूरा परिसर किया स्वच्छ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर



कार्य कोई भी हो करने से पहले कई बार सोचो, अच्छे कार्य यदि सबकी भलाई के हो तो, थोड़ा भी विलंब किए बिना तत्काल शुरू कर दे। इस आदर्श वाक्य को आत्मसात करते हुए नगर सारंगपुर के मोहल्ला बाग कुआं टंकी फूल माली समाज के युवाओ ने लोगो के लिए प्रेरणा दायक कार्य किया।

उल्लेखनीय की सोमवार को स्वर्गीय जगन्नाथ बावड़ी वाले की धर्मपत्नी, उमराव सिंह पुष्पद की भाभी, दिनेश रूप सिंह की माताजी, ओम पुष्पद पत्रकार एवं राजेश की काकी श्री मति सीताबाई पुष्पद के मंगलवार को अस्थि संचय कार्यक्रम में उपस्थित फूलमाली समाज बागकुआ ने के युवाओ ने बजरंग दल जिला संयोजक निकेश पुष्पद के नेतृत्व में स्वच्छता की दिशा में एक नई पहल शुरू करते हुए मुक्तिधाम प्रांगण की गंदगी कपड़े अन्य अपशिष्ट सामग्री आदि की साफ सफाई की। शवयात्रा में कई लोग जाते तो हैं, किंतु सफाई की ओर ध्यान देना भी हमारी जिम्मेदारी बनती है। निश्चित ही यह एक पुण्य कार्य है। परिसर की स्वच्छता और इस अनुकरणीय पहल की नगर के पर्यावरण प्रेमियों ने प्रशंसा की है और जनमानस से अपील की है यह यु वाओ की पहल अन्य सभी की आदत बने। पर्यावरण प्रेमियों ने यह भी कहा अच्छे कार्यों के लिए समाज हो या संस्था, व्यक्ति विशेष को ही आगे आना पड़ता है। इस दौरान निकेश पुष्पद भगवानदास विशाल प्रवीण करण प्रीत गोपाल समर सहित अनेक युवा शामिल थे।

## आपदा प्रबंधन विषय पर राज्य स्तरीय मॉक एक्सरसाइज तैयारी के लिए बैठक संपन्न

# आप रोजगार देने में सक्षम हैं रोजगार दें हम आपको परेशान नहीं करते हैं : विधायक मोहन शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरावर



समीपस्थ उद्योग ग्राम पीलूखेड़ी में मंगलवार को राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन अधिनियम, गृह मंत्रालय, भारत सरकार मध्य प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, गृह विभाग भोपाल, एवं जिला आपदा प्रबंधन की दोपहर 1 बजे के करीब हिंदुस्तान पेट्रोलियम कारपोरेशन लिमिटेड के परिसर में प्रदेश के 6 जिलों में आपदा प्रबंधन विषय पर राज्य स्तरीय मार्क एक्सरसाइज की पूर्व तैयारी हेतु टेबल टॉप एक्सरसाइज की बैठक संपन्न हुई।

जिसमें उपस्थित पीलू खेड़ी औद्योगिक क्षेत्र में कोकोकोला प्राइवेट लिमिटेड, ओसवाल डेनिम, एचपीसीएल, भोपाल ग्लूकोस, विंध्याचल डिस्टलरीज , लैप इंडिया आदि फैक्ट्री प्रबंधन के साथ क्षेत्रीय विधायक मोहन शर्मा, एसडीएम सुशील कुमार ने बैठक की जिसमें विधायक मोहन शर्मा ने आपदा प्रबंधन से संबंधित सभी विषयों को रखा गया संसाधनों की उपलब्धता में सभी फैक्ट्री प्रबंधकों को सह निर्देश दिए गए की वह एक माह के अंदर क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए फायर ब्रिगेड, एम्बुलेंस एवं आपातकालीन समय में जो संसाधन सुरक्षा के लिए जरूरी है उनके शीघ्र व्यवस्था करें। साथ ही उन्होंने कहा कि यहां पर औद्योगिक क्षेत्र में आप सब बड़े-बड़े उद्योग फैक्ट्री चल रहे हैं आप स्थानीय लोगों को रोजगार देने के लिए सक्षम हैं आप उनको रोजगार दें अन्य औद्योगिक क्षेत्र में जनप्रतिनिधि फैक्ट्री संचालकों को परेशान करते हैं लेकिन हमने आपको परेशान नहीं किया है हमारी सिर्फ यही व्यवस्था है कि आप लोगों के द्वारा स्थानीय लोगों को रोजगार मिले एवं आसपास के क्षेत्र में आपदा प्रबंधन के सभी संसाधन आपके पास उपलब्ध हो जिसका की उपयोग किया जा सके बैठक में मुख्य रूप से नायब तहसीलदार अनाग्रिका कनौजिया, थाना प्रभारी संगीता शर्मा, सीबीएमओ डॉक्टर राजन अहिरवार, डॉक्टर गौरव त्रिपाठी, डॉ नरेश गवली, लोक निर्माण विभाग के एसडीओ ए.के श्रीवास्तव, नरसिंहगढ़ नगर पालिका सीएमओ अनुराग जैन, कुरावर नगर परिषद के सीएमओ के.वी सिंह, पटवारी अर्पित सक्सेना, रीडर जितेंद्र सिंह राजपूत, रामेश्वर नायक, भूपेंद्र सिंह, भदोरिया रोहित शर्मा आदि उपस्थित थे।

# मेघवाल समाज का विवाह सम्मेलन संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

आदर्श मेघवाल समाज का पांचवा सामूहिक विवाह सम्मेलन नवीन साप्ताहिक घाट बाजार परिसर में आयोजित हुआ। जिसमें 27 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे इसके पूर्व सम्मेलन आयोजनकर्ता समिति द्वारा गांधी बस्ती से शोभायात्रा निकाली गई जो बस स्टैंड, स्वामी विवेकानंद चैराहा, खिलचीपुर नाके से होते हुए सम्मेलन स्थल पर पहुंची उक्त शोभायात्रा में समाज के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए। नगर में आदर्श मेघवाल समाज का पांचवा सामूहिक विवाह सम्मेलन रविवार को स्थानीय नवीन हाट बाजार मैदान में आयोजित हुआ ।जिसमें 27 जोड़ों ने भारतीय संस्कृति के अनुरूप वैदिक मंत्रोच्चार के साथ 7 फेरे लेकर परिणय सूत्र में बंधकर अपने नवदांपत्य जीवन में प्रवेश किया। आयोजनकर्ता समिति द्वारा सम्मेलन में सामाजिक लोगों को सुविधा उपलब्ध कराई गई जहां आयोजनकर्ता समिति द्वारा गठित अलग.अलग टीमों ने व्यवस्थाओं को संभाला।

इस मौकेपर सम्मेलन में राज्य मंत्री गौतम टेटबाल, पूर्व ऊर्जा मंत्री प्रियव्रत सिंह खींची, सांसद रोडमल नागर, विधायक हजारीलाल दांगी, पूर्व विधायक डॉ रामप्रसाद दांगी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष बलराम टांक, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि कालुसिंह तोमर, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह, प्रभुलाल सिकरवाल, हेमंत सेठिया प्रांत कार्यवाह, लक्ष्मीनारायण चैहान प्रांत समरसता, संयोजक, उदय सिंह चैहान विभाग संघ चालक, प्रेमसिंह दांगी जिला संघ चालक सहित मेघवाल समाज महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष भवानी शंकर वर्मा, जिला अध्यक्ष एवं सम्मेलन आयोजनकर्ता समिति अध्यक्ष जगदीश वर्मा, सचिव खेमराज वर्मा, रामप्रसाद वर्मा, शंभू लाल वर्मा आदि सम्मेलन समिति पदाधिकारी सदस्य एवं बड़ी संख्या में मेघवाल समाज बंधु उपस्थित रहे।